




"सच्ची खोज अच्छी खबर"

# ज्ञान सरोवर






R.N.I.Reg.No.MAHHIN/2009/27377 (हिन्दी साप्ताहिक) डाक पंजीकरण संख्या- MH/MR/North East/237/2012-14

वर्ष : 17 अंक : 28 (प्रत्येक गुरूवार) मुम्बई, 04 सितम्बर से 10 सितम्बर, 2025 पृष्ठ : 8 मूल्य : 2.00 रूपये


# बिहार की महिलाओं को पीएम मोदी का तोहफा, बोले- 'सशक्त महिलाएं विकसित भारत का आधार'

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने संस्था के बैंक खाते में 105 करोड़ रुपये भी हस्तांतरित किये। मोदी ने कहा कि आज मंगलवार को एक बहुत ही शुभ कार्य का शुभारंभ हो रहा है। बिहार की माताओं और बहनों को आज एक नई सुविधा मिलने जा रही है। जीविका निधि साख सहकारी संघ। इसके माध्यम से, गाँव–गाँव में जीविका से जुड़ी बहनों को अब और आसानी से पैसा मिल सकेगा। उन्हें आर्थिक मदद मिलेगी। इससे उनके काम और उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने में बहुत मदद मिलेगी। मोदी ने कहा मुझे ये देखकर भी बहुत खुशी है कि जीविका निधि की व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का बहुत बड़ा आधार है, भारत की सशक्त महिलाएं। महिलाओं को सशक्त करने के लिए बहुत जरूरी है कि उनकी जिंदगी से हर प्रकार की मुश्किलें कम हों। इसलिए, हम माताओं–बहनों–बेटियों की जिंदगी को आसान बनाने के लिए अनेक काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं बिहार की माताओं और बहनों को जीविका सहकारी संघ के लिए बधाई देता हूँ और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बिहार की एनडीए सरकार को भी इस अद्भुत पहल के लिए बधाई देता हूँ। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के विकास का एक बड़ा आधार महिलाओं का सशक्तिकरण है, और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ज़रूरी है कि उनके जीवन से हर तरह की मुश्किलें दूर हों। इसीलिए हम माताओं, बहनों और बेटियों के जीवन को आसान बनाने के लिए अनेक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने महिलाओं के लिए करोड़ों शौचालय बनवाए, ताकि उन्हें खुले में शौच की मजबूरी से मुक्ति मिले। हमने पीएम आवास योजना के अंतर्गत पक्के घर बनवाए और इसमें ये भी ध्यान रखा कि वो घर हो सके तो महिलाओं के नाम पर हो। महिला जब घर की मालकिन होती है, तो उसकी आवाज का भी वजन बढ़ जाता है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार आज मुफ्त राशन की योजना भी चला रही है। इस योजना ने हर मां को, इस चिंता से मुक्ति दिलाई है कि आज घर में बच्चों का पेट कैसे भरेगा। महिलाओं की आमदनी बढ़ाने के लिए हम उन्हें लखपति दीदी, ड्रोन दीदी और बैंक सखी भी बना रहे हैं। ये सारी योजनाएं माताओं–बहनों की सेवा का एक बहुत बड़ा महायज्ञ है। आज इस कार्यक्रम में मैं आपको ये भरोसा देता हूं कि आने वाले महीनों में बिहार की NDA सरकार इस अभियान को और तेज करने जा रही है।





## सरकार मराठा आंदोलन पर न्यायालय के निर्देशों को लागू करेगी : फडणवीस

मुम्बई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रशासन मराठा आरक्षण के लिए कार्यकर्ता मनोज जरांगे के नेतृत्व में जारी प्रदर्शन पर मुंबई उच्च न्यायालय के निर्देशों को लागू करेगा। मुख्यमंत्री का यह आश्वासन उच्च न्यायालय द्वारा यह टिप्पणी किए जाने के कुछ ही देर बाद आया कि जरांगे और उनके समर्थकों ने प्रथम दृष्टया शर्तों का उल्लंघन किया है। न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि चूंकि प्रदर्शनकारियों के पास आंदोलन जारी रखने के लिए वैध अनुमति नहीं है, इसलिए वह उम्मीद करती है कि राज्य सरकार उचित कदम उठाकर कानून में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करेगी। अदालत ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि अब कोई भी प्रदर्शनकारी शहर में प्रवेश न कर सके, जैसा कि जरांगे ने दावा किया है। फडणवीस ने पुणे में संवाददाताओं से कहा, "सरकार उच्च न्यायालय के निर्देशों को लागू करेगी।" उन्होंने इस आरोप को खारिज कर दिया कि कानून–व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा, "(मराठा प्रदर्शनों से संबंधित) छिटपुट घटनाएं हुई हैं, जिन्हें पुलिस ने कुछ ही देर में संभाल लिया।" फडणवीस ने विरोध प्रदर्शन समाप्त कराने के सवाल पर कहा, "बातचीत माइक पर नहीं हो सकती, हमें पता होना चाहिए कि किससे बात करनी है। हम अड़े नहीं हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि आज सुबह हुई बैठक में कानूनी विकल्पों पर चर्चा की गई।




## राहुल के हाइड्रोजन बम पर रविशंकर प्रसाद का पलटवार, बताया 'फुस्स पटाखा', पूछा- हलफनामे से क्यों भागते हैं?

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के अपने आरोपों को दोहराए जाने और भाजपा को एक और हाइड्रोजन बम की चेतावनी दिए जाने के बाद सत्तारूढ़ पार्टी ने सोमवार को उन्हें गैरजिम्मेदार और समझने में कठिन कहा। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने प्रसन्नतापूर्वक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जब भी मैं राहुल गांधी को बोलते हुए सुनता हूं, चाहे संसद के अंदर हो या बाहर, मुझे कई प्रकार के एंटीना लगाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि आज राहुल गांधी ने कहा कि मैंने एटम बम फोड़ा है, अब हाइड्रोजन बम फोड़ूंगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में मतगणना को लेकर कर्नाटक में जो उनका एटम बम था वो तो फुस्स हो गया, वो दिवाली का एक छोटा पटाखा भी नहीं निकला, और वो हाइड्रोजन बम फोड़ने की बात कर रहे हैं। अभी तक तो दुनिया में भी हाइड्रोजन बम नहीं फूटा है। कांग्रेस नेता पर निशाना साधते हुए प्रसाद ने कहा कि एक बार उन्होंने (राहुल गांधी) कहा था कि 5–6 साल में व्यक्ति युवा हो जाता है। दूसरी बात उन्होंने कही, तपस्या करने से गर्मी होती है। इसलिए एटम बम और हाइड्रोजन बम का चुनाव से क्या संबंध है, इसके लिए मुझे जानकारी प्राप्त करनी पड़ेगी। राहुल गांधी जी... इतना अपने आप को हल्का क्यों बना रहे हैं,



आप विपक्ष के नेता के पद पर हैं, इसकी गरिमा होती है। भाजपा सांसद ने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर कई सवाल उठाए हैं, लेकिन हलफनामे के मुद्दे पर वह चुप क्यों हैं?

उन्होंने कहा कि मैं तीन सवाल उठाना चाहता हूँ जिनका जवाब राहुल गांधी को देना चाहिए: 1. 21 लाख लोग मर चुके हैं। क्या उन्हें अब भी मतदाता सूची में रहना चाहिए? 2.35 लाख लोग अब अपने पंजीकृत पते पर नहीं रहते। क्या उनके नाम बने रहना चाहिए? 3.7 लाख नाम दो अलग–अलग निर्वाचन क्षेत्रों में हैं। क्या उन्हें दो बार मतदान करने की अनुमति दी जानी चाहिए? इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आपत्तियाँ हलफनामों के माध्यम से दर्ज की जानी चाहिए। राहुल गांधी इससे क्यों भाग रहे हैं? क्योंकि उन्हें पता है कि हलफनामे में झूठ बोलने पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पहले बिहार में जब चुनाव होता था तो कितनी बूथ कैप्चरिंग होती थी, बूथ तक लूट लिया जाता था। लेकिन आज बूथ कैप्चरिंग खत्म हो गई है। मैं चुनाव आयोग का धन्यवाद करता हूं। आज ईवीएम में जाइए, बटन दबाइए और रिजल्ट सामने आता है। आज जो अखिलेश और तेजस्वी यादव कहते हैं कि बैलेट पेपर लाओ... क्योंकि इनके दिल में दर्द है कि ये लोग बूथ कैप्चरिंग नहीं कर पा रहे हैं। आज ये लोग जो चुनाव आयोग और वोटर लिस्ट पर घमासान कर रहे हैं इसके बीच में दो मूल बिंदु हैं। हमें बूथ कैप्चर करने का अधिकार दो और घुसपैठियों को नहीं निकालो।




# कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ. हार्डीकर याद किये गये

मुंबई– कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डीकर के 50वीं पुण्यतिथि पर एक स्मरण सभा का आयोजन राकेश शेट्टी (कार्याध्यक्ष– महाराष्ट्र कांग्रेस सेवादल) की अध्यक्षता में जी एस शेट्टी हॉल, मुलुंड प. पर किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में कमला प्रसाद यादव (मा.अध्यक्ष मुंबई कांग्रेस सेवा दल), डॉ. बाबूलाल सिंह (वरिष्ठ कांग्रेस नेता ), उत्तम गीते (कार्याध्यक्ष ई.मु. जिला कांग्रेस), भरत सोनी (प्रवक्ता मुंबई कांग्रेस), जयश्री रणदिवे (अध्यक्ष मुंबई कांग्रेस महिला सेवादल) उपस्थित रहे। आयोजन रमेश विश्वकर्मा (अध्यक्ष–ई. मु. कांग्रेस सेवादल), संतोष सिंह–(अध्यक्ष मुलुंड कॉंग्रेस सेवादल) द्वारा आयोजित किया गया स संचालन भगवान किशोर तिवारी ने किया।



इस अवसर पर कॉंग्रेस नेता राजेंद्र उठवाल, संजय घरत, विमल खोना, डॉ. सचिन सिंह,हेमकिरण जंगम,संतोष सोनावने, अतुल जोशी, अमरनाथ कागड़ा (अध्यक्ष भांडुप सेवादल) निक्सन,एड.शरीफ खान, अब्दुल जब्बार,अश्विनी पोचे,बाबू चौधरी राजेंद्र रावत,पी. पी.पाण्डेय (पत्रकार) सहित कई गणमान्य कॉंग्रेस नेता उपस्थित रहे। डॉ. हार्डीकर को याद करते हुए राकेश शेट्टी ने कहा कि वे उच्च शिक्षित डॉ. (सर्जन) थे। स्वतंत्रता आंदोलन में वे म. गाँधी जी एवं पं. नेहरू के सानिध्य में कूद पड़े स जेल गये स हिंदुस्तान सेवादल की स्थापना उनके नेतृत्व में की गयी स जो स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् कांग्रेस सेवादल में परिवर्तित हो गयी स और कॉंग्रेस पार्टी की रीढ़ की हड्डी के रूप में आज भी कार्य कर रही है स कांग्रेस को मजबूती प्रदान कर रही है स ऐसे महान सपूत, स्वतंत्रता सेनानी डॉ. हार्डीकर की पुण्यतिथि पर सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रदान किया।


## शिक्षकों पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश, पद पर बने रहना है या प्रमोशन चाहिए तो देनी होगी टीईटी परीक्षा

नई दिल्ली(संवाद सूत्र)। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि नियुक्ति चाहने वाले शिक्षकों और पदोन्नति चाहने वाले सेवारत शिक्षकों, दोनों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करना अनिवार्य होगा। हालाँकि, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह आदेश अल्पसंख्यक दर्जे वाले शैक्षणिक संस्थानों पर लागू नहीं होगा। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने स्पष्ट किया कि जिन शिक्षकों की सेवानिवृत्ति से पहले पाँच साल से कम सेवा शेष है, उन्हें अपने पद पर बने रहने के लिए यह परीक्षा उत्तीर्ण करने की आवश्यकता नहीं होगी। हालाँकि, अगर वे पदोन्नति चाहते हैं तो उन्हें टीईटी उत्तीर्ण करना होगा। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (2009) लागू होने से पहले नियुक्त हुए और जिनकी सेवा अवधि पाँच साल से ज़्यादा बची है, उन्हें दो साल के भीतर टीईटी पास करना होगा। अदालत ने कहा कि अगर वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, तो उन्हें अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा। ऐसे शिक्षकों को केवल स्थायी लाभ ही मिलेंगे। अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त शिक्षण संस्थानों को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह आदेश फिलहाल उन पर लागू नहीं होगा। अदालत ने कहा कि आरटीई अधिनियम अल्पसंख्यक स्कूलों पर लागू होता है या नहीं, यह एक कानूनी प्रश्न है जो सुप्रीम कोर्ट की बड़ी पीठ के पास लंबित है।

## निमंत्रण

*वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.बाबुलाल सिंह के 65 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन बुधवार दि.3.9.2025 को शाम 6.30– 9 बजे तक कपिल क्लीनिक, केशव पाड़ा, पी.के.रोड मुलुंड प.पर किया गया है। आप इस अवसर पर मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं। बीरेन्द्र पाठक,डॉ.सचिन सिंह डॉ.आर.एम.पाल, सुरेंद्र मिश्रा, प्रदीप गांगुर्डे,मैथ्यु चेरियन, हीरालाल भणगे,रतिनाथ शुक्ल, दयाशंकर पाल,बबिता गुप्ता, शीतला प्रसाद सिंह, राजेश सिंह,विजय यादव,विनायक घाणेकर, एड.शरीफ खान, अविनाश पाठक, ब्रिजेश सिंह, मोहित सिंह,राकेश मिश्रा, रमेश सिंह,मनोज सिंह,दीनानाथ यादव।*



# मानसिक और शारीरिक अक्षम बच्चों को स्वस्थ एवं सक्षम बनाएगा वरदान स्कूल फॉर स्पेशल चाइल्ड



कानपुर (संवाददाता) मानसिक और शारीरिक रूप से अक्षम और अपंग बच्चों को सक्षम बनाने के उद्देश्य से वरदान स्कूल फॉर स्पेशल चाइल्ड, निकट नौबस्ता चौराहा, कानपुर का विधिवत शुभारंभ महापौर श्रीमती प्रमिला पांडेय, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री राकेश सचान एवं वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ अनिल कटियार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर संस्थान की निदेशक डॉ राधिका वर्मा ने बताया कि यहां पर सेरिब्रल पैल्सी, डाउन सिंड्रोम, ऑटिज्म तथा मानसिक और शारीरिक रूप से अविकसित बच्चों के लिए चाइल्ड फिजियो थेरेपी, आकुपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी, एन डी थेरेपी, सेंसरी इंटीग्रेशन आदि अनेक विधाओं का प्रयोग कर बच्चों को सक्षम और स्वस्थ बनाने का प्रयास किया जाता है। बच्चों में अच्छे सुधार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श भी लिया जाता है ताकि बच्चों का उज्जवल भविष्य बन सके। इस मौके पर डॉ अनिल कटियार, डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, श्रीमती उपमा कटियार, डॉ रवि गुप्ता, डॉ राज पांडेय, डॉ उमेश मिश्रा, डॉ सुरेंद्र यादव, डॉ सुधीर द्विवेदी, डॉ भावना सिंह, डॉ अमित मिश्रा, डॉ ए के सिंह, डॉ अभिषेक रूहीया, डॉ अमित योगी आदि अनेक लोग मौजूद थे।

# एच.एन. रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल द्वारा होम्योपैथिक क्लीनिक का शुभारंभ



एच.एन. रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल द्वारा होम्योपैथिक मे विख्यात डॉ फॉरुक मास्टर के नेतृत्व मे ग्रांउड फ्लोर पर होम्योपैथिक क्लिनिक का शुभारंभ कीया। आज डॉ फॉरुक मास्टर से जैन समाज के संजय बोथरा, अमित संघवी और मंगलचंद सेठ ने मुलाकात करके होम्योपैथिक के बारे मे चर्चा करते हुए विशेष जानकारी प्राप्त की। डॉ ने बताया की कैंसर और किडनी जैसी बिमारी के फर्स्ट स्टेज पर मरीज आता है तो मरीज को होम्योपैथिक इलाज से बहुत फायदा हो सकता है। तथा अन्य बिमारीयो का भी इलाज होम्योपैथिक से करने पर बहुत फायदेमंद रहता है। यह मुलाकात एच.एन.रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल के कम्यूनिटी सम्पर्क कर्ता दीपक रॉय ने करवाई जो बहुत अच्छी रही।

# 6 सितंबर को श्री परशुराम ज्ञानपीठ (सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च ) का भव्य उद्‌घाटन







श्री परशुराम ज्ञानपीठ (सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च ) का भव्य उद्‌घाटन 6 सितंबर 2025 को दोपहर 3:00 शिप्रा पथ मानसरोवर जयपुर में होने जा रहा है।। जिसका आमंत्रण देने के लिए विप्र फाउंडेशन के प्रदेश कोषाध्यक्ष महंत धर्मेंद्र शर्मा व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश अडिच्वाल, जिला उपाध्यक्ष हरीओम शर्मा गोविंदगढ़ ब्राह्मण समाज में आमंत्रण दिया। ब्राह्मण समाज गोविन्दगढ के प्रबुद्ध जनो ने 6 सितम्बर को अधिक से अधिक ब्राह्मण बन्धुओं के साथ जयपुर पहुंचने का आश्वासन दिया।।



*सहयोग मित्र मंडल (रजि) कांग्रेस कार्यालय इंदिरानगर न.3,नाहुर रोड मुलुंड (प)पर श्री गणेश 11:30 वाः स्थापना हुई. आप सभी भक्तगण तीर्थ प्रसाद अवश्य ग्रहण करे।*
*।। धन्यवाद ।।*
*सहयोग मित्र मंडल, अध्यक्ष*
*बाबुराम चौधरी.लालचंद यादव. रामबलीचौहान.पी.पी. पांडेय.शिवराज यादव आर.एस. आचार्य. आदि लोग उपस्थित थे।*

# माँ भारती सेवा सम्मान से सम्मानित किये गए वरिष्ठ लेखक रामकेश यादव



मुंबई। जाने–माने वरिष्ठ लेखक, गीतकार, पत्रकार व रॉयल्टी प्राप्त कवि रामकेश एम. यादव को राजस्थान स्थित अकाडमी पब्लिकेशन, संगम वाटिका कोटा के निदेशक – ओमप्रकाश लववंशी ने इन्हें राष्ट्र और समाज के हित में उत्तम कार्य करने के लिये माँ भारती सेवा सम्मान से सम्मानित किया है। श्री यादव ग्राम तेजपुर, ब्लॉक–तहसील मार्टिनगंज, जनपद आजमगढ़ के मूल निवासी हैं। बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री यादव का गद्य–पद्य दोनों विधाओं पर समान अधिकार है,बृहन्मुम्बई महा नगरपालिका, मुंबई में एक शिक्षक पद से सेवानिवृत्त होकर श्री यादव सम–सामयिक साहित्य तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़कर समाज को एक नया आयाम दे रहे हैं। गौरतलब है कि पण्डित दीनदयाल पुरस्कार सहित 425 पुरस्कारों व सम्मानपत्रों तथा 1700 लेखों–पत्र–लेखों व महाराष्ट्र राज्य पाठ्यपुस्तक निर्मिती व अभ्याक्रम संशोधन मण्डल, पुणे द्वारा दो रचनाएँ यहाँ के पाठ्यक्रम में (सत्र : 2005–06 से सत्र : 2015–16 तक ) शामिल के अलावा 26 पुस्तकें लिख चुके श्री यादव को इस उपलब्धि पर लेखकों, पत्रकारों, बुद्धिजीवियों सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने हार्दिक बधाई दिया है।


# सम्पादकीय...

## ट्रंप प्रशासन की नीति को प्रभावित करना मुश्किल

यह अच्छी खबर है, क्योंकि भारत में ट्रंप का दूत एक ऐसा व्यक्ति होगा, जो उनका खास विश्वस्त है। मगर पेच यह है कि ट्रंप ने गोर को दक्षिण और मध्य एशिया के लिए विशेष दूत भी बना दिया है। डॉनल्ड ट्रंप ने अपने निजी विश्वस्त और मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) आंदोलन के प्रमुख संगठनकर्ताओं में से एक सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का राजदूत मनोनीत किया है। एक नजरिए से यह अच्छी खबर है, क्योंकि भारत में उनका दूत एक ऐसा व्यक्ति होगा, जो सीधे उनसे फोन मिलाने की हैसियत रखता है। मगर पेच यह है कि ट्रंप ने साथ ही गोर को दक्षिण और मध्य एशिया के लिए विशेष दूत भी नियुक्त कर दिया है। यानी उन्होंने भारत को इन क्षेत्रों से संबंधित देशों के साथ एक समूह में रखा है। मतलब यह कि उनकी रणनीति में भारत इतना महत्त्वपूर्ण नहीं है कि वहां के लिए एक विशिष्ट राजदूत की नियुक्ति की जाए। सर्जियो गोर के कार्यक्षेत्र में जो देश आएंगे, उनमें पाकिस्तान और अफगानिस्तान भी हैं। ऐसी चर्चा है कि ट्रंप इस क्षेत्र की अपनी सुरक्षा रणनीति में पाकिस्तान को खास अहमियत दे रहे हैं, क्योंकि वे उसकी अफगानिस्तान में स्थिरता लाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका देखते हैं। इसके अलावा ट्रंप प्रशासन पाकिस्तान का उपयोग ईरान और चीन से अंदरूनी संपर्क बनाए रखने के माध्यम रूप में भी करना चाहता है। ऐसे में आशंका यह है कि सर्जियो गोर भारत और पाकिस्तान को समान पलड़े पर रखने की नीति पर चल सकते हैं। इससे भारत की चुनौतियां बढ़ सकती हैं। जहां तक आर्थिक मामलों में अमेरिका से संबंध बेहतर करने में गोर की भूमिका का प्रश्न है, तो बेशक ट्रंप तक उनकी सीधी पहुंच इस दिशा में सहायक हो सकती है। मगर मुश्किल यह है कि ट्रंप ने टैरिफ वॉर विश्व व्यापार और विश्व भू–राजनीतिक संतुलन को पुनर्संगठित करने के मकसद से छेड़ा है। भारत उसका अधिक शिकार हुआ है, तो उसकी वजह ट्रंप प्रशासन का यह आकलन है कि भारत के पास जवाबी कार्रवाई कर अमेरिका को क्षति पहुंचाने की ताकत नहीं है। अब ये साफ हो चुका है कि ट्रंप की पूरी विदेश नीति ताकत दिखाने और ताकतवर से तालमेल बनाने पर आधारित है। ऐसे में इन अटकलों का आधार है कि सिर्फ राजनयिक संवाद या कूटनीतिक संदेशों से ट्रंप प्रशासन की नीति को प्रभावित करना बेहद मुश्किल है।

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की क्रांति, 'मेड इन इंडिया' की दुनिया में धूम

शुरुआती दिनों में कंप्यूटर आज के आधुनिक और आकर्षक उपकरणों के बजाय पुराने टेलीफोन एक्सचेंज जैसे दिखते थे। अब अरबों ट्रांजिस्टर वाले एक नाखून से भी छोटे चिप में कहीं अधिक शक्ति समाई हुई है। ये चिप्स मोबाइल फोन, कार, ट्रेन, फ्रिज, टीवी, स्कूटी, फैक्ट्री मशीनों, हवाई जहाजों को चलाते हैं और उपग्रहों को भी दिशा दिखाते हैं। ये इतने छोटे हैं कि अब आपकी अंगुली में भी फिट होकर आपके दिल की सेहत तक नापते हैं। यही सेमीकंडक्टर का जादू है। किसी भी राष्ट्र की तरक्की के लिए जरूरी है कि वह अपने विकास के प्रमुख क्षेत्रों– स्टील, बिजली, दूरसंचार, रसायन और परिवहन आदि में महारत हासिल करे। सेमीकंडक्टर भी अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यह लगभग हर चीज के अंदर छिपा है, चाहे वे स्मार्टफोन, कार, ट्रेन, मेडिकल डिवाइस हों या फिर एआई, रक्षा प्रणाली, पावर ग्रिड, सेटेलाइट। सेमीकंडक्टर के बिना डिजिटल अर्थव्यवस्था संभव नहीं है। इनके बिना आधुनिक संचार, डाटा प्रोसेसिंग, एआई, नवीकरणीय ऊर्जा या सुरक्षित रक्षा प्रणाली की कल्पना नहीं की जा सकती। जो देश सेमीकंडक्टर का डिजाइन और उत्पादन नहीं कर सकता, वह स्वास्थ्य से लेकर सुरक्षा तक अपनी आवश्यक सेवाओं के लिए दूसरों पर निर्भर हो जाता है। सेमीकंडक्टर में मजबूती पाना भविष्य को आकार देने का सवाल है। कोविड महामारी ने हमें सेमीकंडक्टर की अहमियत बताई। उस समय जब चिप की ग्लोबल सप्लाई चेन डगमगाई तो तमाम उद्योगों का उत्पादन प्रभावित होने से अरबों रुपये का नुकसान हुआ। आज सेमीकंडक्टर वैश्विक राजनीति के केंद्र में हैं। चिप बनाने का काम अभी सिर्फ कुछ गिने–चुने देशों में ही होता है। इसलिए जरा–सी रुकावट पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकती है। हाल में रेयर अर्थ मैग्नेट पर बढ़ता ध्यान हमें याद दिलाता है कि किस तरह महत्वपूर्ण संसाधनों पर नियंत्रण वैश्विक शक्ति का स्वरूप तय करता है। डिजिटल युग का सबसे अहम संसाधन बन चुके सेमीकंडक्टर की मांग और तेजी से बढ़ेगी। भारत में इलेक्ट्रानिक्स की खपत और उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है। आज हमारे पास 65 करोड़ से ज्यादा स्मार्टफोन यूजर्स हैं और इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरिंग सालाना 12 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। हम एआई आधारित सिस्टम, डाटा सेंटर और इलेक्ट्रिक वाहन भी विकसित कर रहे हैं, जिनमें चिप्स की जरूरत होती है। ऐसे में जरूरी है कि भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर



वैल्यू चेन में अपनी मजबूत जगह बनाए। दशकों तक यह कहा जाता रहा कि सेमीकंडक्टर की दौड़ में भारत पीछे छूट गया है। अब यह सच नहीं। इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत 10 चिप प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। इस साल पहला 'मेड इन इंडिया' चिप बाजार में आ जाएगा। गुजरात के साणंद में एक यूनिट में पायलट प्रोडक्शन लाइन शुरू हो चुकी है। एक साल में चार और यूनिट्स के उत्पादन शुरू करने की उम्मीद है। एप्लाइड मटेरियल्स, लैम रिसर्च, मर्क और लिंडे जैसी ग्लोब कंपनियां भी भारत में फैक्ट्रियों और सप्लाई चेन को मजबूत बनाने में निवेश कर रही हैं। भारत की असली ताकत उसके लोग हैं। इसका सही उपयोग करने के लिए नीतियां और निवेश जरूरी हैं। आज भारत के पास वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन कार्यबल का 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। अनुमान है अगले दशक की शुरुआत तक दुनिया में 10 लाख से ज्यादा सेमीकंडक्टर प्रोफेशनल्स की कमी होगी। भारत इस कमी को पूरा करने की तैयारी कर रहा है। सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए विश्वस्तरीय इलेक्ट्रानिक डिजाइन आटोमेशन (ईडीए) टूल्स का उपयोग 350 संस्थाओं और स्टार्टअप्स के 60,000 से अधिक लोग कर रहे हैं। 2025 में ही इनका इस्तेमाल 1.2 करोड़ घंटे से अधिक हो चुका है। सरकार के सपोर्ट से स्टार्टअप्स भारत के चिप डिजाइन इकोसिस्टम को नई ऊर्जा दे रहे हैं। माइंडग्रोव टेक्नोलाजीज ऐसी आईओटी चिप्स बना रही है, जो आईआईटी, मद्रास में विकसित किए गए स्वदेशी 'शक्ति प्रोसेसर' पर आधारित है। नेत्रसेमी नामक स्टार्टअप ने हाल में 107 करोड़ रुपये की रिकार्ड फंडिंग हासिल की है, जो भारत के डिजाइन स्पेस में सबसे बड़ा निवेश है। कई ऐसे स्टार्टअप सरकार की डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव (डीएलआई) योजना के तहत विकसित हो रहे हैं। मोहाली की सेमीकंडक्टर लैबोरेटरी में 17 कालेजों के छात्रों ने अब तक 20 चिप्स बना लिए हैं। ग्लोबल कंपनियां भी भारतीय प्रतिभा में निवेश कर रही हैं। लैम रिसर्च भारत में 60,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित करेगी। आईआईएससी, आईआईटी और अन्य संस्थानों के साथ साझेदारी से 'लैब से फैक्ट्री तक' कार्यबल तैयार हो रहा है। भारत अमेरिका, जापान, यूरोपीय संघ और सिंगापुर आदि से मिलकर केवल अपने लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए निर्माण करने में सक्षम बन रहा है। भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा प्रधानमंत्री मोदी के बड़े विजन का हिस्सा है। यह डिजिटल इंडिया से शुरू हुई। इंडिया स्टैक, यूपीआई, आधार और टेलीकाम नेटवर्क ने हर भारतीय को तकनीक उपलब्ध कराई। हमने इलेक्ट्रानिक्स उत्पादन इकोसिस्टम को भी मजबूत किया है। अब हम सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रानिक कंपोनेंट्स और उपकरणों के निर्माण का इकोसिस्टम बना रहे हैं। सेमीकंड इंडिया समिट–2025 इसी यात्रा का ही अगला पड़ाव है।

प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन करेंगे। इस साल इसमें 48 देशों से 500 से ज्यादा ग्लोबल इंडस्ट्री लीडर भाग ले रहे हैं, जबकि पिछले साल केवल लगभग 100 नेता शामिल हुए थे। पूरी दुनिया हमारे दरवाजे इसलिए आ रही है, क्योंकि वह अनिश्चितताओं से जूझ रही है और स्थिर भारत ही आशा की किरण है। हमारा लक्ष्य भारत को 'प्रोडक्ट नेशन' बनाना है। हमारी सेमीकंडक्टर फैक्ट्रियों से निकलने वाले चिप न केवल भारत, बल्कि दुनिया के टेलीकाम, आटोमोबाइल, डाटा सेंटर, कंज्यूमर इलेक्ट्रानिक्स और इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रानिक्स जैसे अहम क्षेत्रों की जरूरत पूरी करेंगे। इस तरह भारत पूरे सेमीकंडक्टर सेक्टर में एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी केंद्र बनकर उभरेगा।

# अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा की द्विदिवसीय राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक संपन्न






( डॉ अनूप सचान, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी)

अयोध्या। प्रभु श्री राम की पावन नगरी और समूचे विश्व में धार्मिक आस्था का केंद्र बिंदु रही नगरी अयोध्या में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट मापदंडों को स्थापित करने वाले विद्यालय भवदीय पब्लिक स्कूल अयोध्या में अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री डॉ विजय सिंह निरंजन की अध्यक्षता में द्विदिवसीय राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक दिनांक 23 अगस्त एवं 24 अगस्त 2025 को प्रदेश युवा अध्यक्ष डॉ अवधेश वर्मा के नेतृत्व एवं आतिथ्य में एवं प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शैलेंद्र पटेल तथा महासचिव योगेंद्र सिंह सचान सहित अन्य के विशेष सहयोग से आयोजित की गई। उक्त द्विदिवसीय बैठक में समूचे देश के विभिन्न प्रांतो से प्रदेश अध्यक्षों, महासचिव गण तथा अन्य पदाधिकारी गणों के साथ–साथ राष्ट्रीय कार्य समिति के संरक्षक श्री एल पी पटेल, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती लता ऋषि चंद्राकर तथा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री धीरज पाटीदार, महासचिव श्री उमेश कुमार पटेल के साथ–साथ अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारी गणों की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न हुई। राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक सही मायने में अपने उद्देश्य परक सिद्धांतों पर विगत बैठकों म लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन एवं समीक्षा करते हुए माननीय जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामय उपस्थित एवं विभिन्न क्षेत्रों में महासभा के हितार्थ कार्य करने वाले गणमान्य जनों के विचारों से ओतप्रोत होकर महत्त्वपूर्ण दिशा में आगे बढ़ी। इन दो दिनों में भवदीय पब्लिक स्कूल में विभिन्न राज्यों के कुर्मी वंशजों के एकत्रीकरण से ऐसा लगा मानो फिर से हमारे पुरोधा सरदार वल्लभभाई पटेल जी की संकल्पना जीवंत हो उठी हो। करीब 19 राज्यों से आए हुए कुर्मी वंशजों ने एक छत के नीचे अपने विचारों का आदान प्रदान किया तो उसे आपसी मेल मुलाकात, सुख दुख में सतत साथ खड़े रहने का एहसास कराने वाले विचारों का एक दूजे के हृदय में हस्तांतरण एवं मुस्कान भरे व्यक्तित्वो से मुलाकात कर एक नवीन ऊर्जा का संचरण प्रवाहित हुआ। ऐसा लगा मानो इन दो दिनों में एक छत के नीचे मिनी इंडिया फिर से खड़ा होकर अपने समस्त कुर्मी वंशज भाइयों के साथ समाज की मुख्य धारा में अवशेष बचे क्षेत्र में अपने उपस्थिति दर्ज करने के लिए लालायित हो उठा हो। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती ममता पटेल एवं अयोध्या में ही संचालित पटेल प्रगति समिति के अध्यक्ष श्री के पी वर्मा द्वारा किया गया। राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक अपने विभिन्न एजेंडा बिंदुओंः जिसमें, विसनगर गुजरात एवं संभाजी नगर महाराष्ट्र में संपन्न हुई कार्यसमिति की बैठक में लिए गए निर्णय तथा कार्यवाही विवरण का अनुमोदन, राष्ट्रीय जनगणना के संबंध में कुर्मी जातियों में उपजातियां की जनगणना व पंजीयन करने के संबंध में चर्चा, कुर्मी समाज द्वारा सरदार एकता रथ का भारत वर्ष में भ्रमण, एकता एवं संगठन के संबंध में चर्चा, द्वितीय राष्ट्रीय युवा अधिवेशन एवं पांचवा राष्ट्रीय महिला अधिवेशन वर्ष 2025 में आयोजित करने हेतु स्थान एवं दिनांक का निर्धारण, अंतरराज्य सजातीय समूह विवाह का आयोजन, जिसमें मुख्य रूप से बिना दहेज विवाह संपन्न करने हेतु संकल्प, प्रत्येक राज्य स्तर पर पुरोहित प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन, प्रदेश, जिला विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर सामाजिक समितियो का गठन एवं बैठकों का आयोजन, राष्ट्रीय सामाजिक विकास समितियो की समीक्षा एवं राज्य स्तर तक विस्तार, बायलॉज में निर्धारित प्रक्रिया अनुसार जिन प्रदेश कार्यकारिणियों का समय समाप्त हो चुका है उनके स्थान पर नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन एवं गठन, प्रत्येक राज्य में सामान्य, महिला, युवा एवं छात्र परिषद का नियमित वार्षिक अधिवेशन कराया जाना, आगामी राष्ट्रीय महा अधिवेशन 2026 में कराए जाने की बाबत चर्चा, वर्ष 2024 25 में महासभा के बने सदस्यों की समीक्षा अनुमोदन एवं सदस्यता अभियान की जानकारी, महासभा के बायलॉज में प्रावधान के अनुसार सामान्य महिला युवा एवं छात्र परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य यदि महासभा के सदस्य नहीं बने हैं तो वह राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य नहीं माने जाएंगे, उक्त विषयक अवगत कराना, महासभा के पास वर्तमान में उपलब्ध राशि को फिक्स डिपॉजिट में डालने हेतु अनुमोदन एवं राष्ट्रीय बैंक का निर्धारण, गुर्जर समाज को महासभा के साथ सम्मिलित करते हुए प्राधिकृत व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत जानकारी पर विचार विमर्श, जिन प्रदेश एवं जिलों में महासभा के बैंक खाता खुल गए हैं वहां पर दी गई सदस्यता के हिस्से की राशि की जानकारी और जहां खाते नहीं खुले हैं वहां पर खातों का खुलवाया जाना, इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय के अनुमति से अन्य बिंदुओं पर विचार वर्ष 2023 24 एवं वर्ष 2024 25 में अभी तक महासभा के सभी स्वर्गीय सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करना, आदि। उक्त समस्त बिंदुओं को लेकर राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक अत्यंत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ी। विद्यालय के विशाल सभागार में राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में आए हुए समस्त अतिथियों का तिलक लगाकर एवं रामनामी दुपट्टे को ओढ़ाकर स्वागत किया गया। मंच पर कुर्मी पुरोधाओं / महापुरुषों छत्रपति शिवाजी महाराज, छत्रपति शाहूजी महाराज, सरदार वल्लभभाई पटेल जी एवं अन्य महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण तथा उनके समक्ष दीप प्रज्वलित कर उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह सहित मंच पर उपस्थित पदाधिकारीगणों द्वारा शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात कुर्मी ध्वज का आरोहण तथा ध्वज गीत का वाचन हुआ। आए हुए अतिथियों का स्वागत भवदीय पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्राओं द्वारा किया गया। आतिथ्यकर्ता प्रदेश युवा अध्यक्ष डॉ अवधेश वर्मा ने सभी के सम्मान में अपना स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ वी एस निरंजन जी द्वारा सभा के प्रारंभ की घोषणा करते हुए अपना उद्बोधन ज्ञापित किया गया। इसके पश्चात डॉ जितेंद्र सिंगरौली जी द्वारा राष्ट्रीय जनगणना के संबंध में अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया गया वहीं बी कौशिक एवं डॉक्टर हेमंत कौशिक द्वारा पुरोहित प्रशिक्षण की प्रगति से सभी को अवगत कराया गया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मनु भाई जी द्वारा सरदार एकता रथ यात्रा का गुजरात से शुभारंभ करते हुए अन्य प्रदेशों से होकर गुजरने वाले रोड मैप के बारे में अपने वक्तव्य को रखते हुए सभी से अमूल्य सुझाव आमंत्रित किए गए गुजरात प्रदेश के अध्यक्ष श्री सतीश भाई पटेल जी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया बीच–बीच में बौधि पब्लिक स्कूल के बच्चों का रस सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी दौर जारी रहा कार्यक्रम में आए हुए माननीय कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए सभी को कार्य समिति की बैठक में आने पर बधाई दी तथा कुर्मी वंशजों की एकता प्रबल देते हुए सभी लोगो को सामाजिक तथा आर्थिक रूप से आगे बढ़ने रहने की बधाई देते हुए विशेषकर राजनीति के क्षेत्र में भी युवाओं से आगे आने का आह्वान किया। इसके पक्ष टी राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती लता ऋषि चंद्राकर ने अपना उद्बोधन ज्ञापित किया तत्पश्चात राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष श्री धीरज पाटीदार ने महासभा में युवाओं की भागीदारी एवं अग्रिम परिकल्पना

को प्रस्तुत किया विशेष रूप से उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष गुर्जर समाज के श्री अनंत राम तंवर ने भी अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया मध्य प्रदेश की ओर से प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री रामखेलावन पटेल जी ने अपने विचारों को साझा किया वहीं मध्य प्रदेश की महिला अध्यक्ष एवं माननीय सांसद श्रीमती लता वानखेड़े जी ने महिलाओं की स्थिति एवं समाज की मुख्य धारा में उनका योगदान पर बात करते हुए अपने विचार रखें छत्तीसगढ़ के दुर्ग भिलाई लोकसभा के माननीय सांसद श्री विजय बघेल जी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस के द्वितीय सत्र में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने भी अपने उद्बोधन में महिलाओं और विशेष कर युवाओं के शैक्षणिक सामाजिक आर्थिक उन्नयन पर बल दिया। अत्यंत सारगर्भित उद्बोधन में कुर्मी वंशजों को एक सूत्र में पिरोने तथा आपसी एकता एवं सद्भावना से ही समाज के प्रत्येक क्षेत्र में हिस्सेदारी अपनाने की अपील की। प्रथम दिवस का समापन अवधी वाधवा लोक नृत्य की सांस्कृतिक प्रस्तुति से हुआ। द्वितीय दिवस के शुभारंभ पर महाराष्ट्र का प्रतिवेदन प्रदेश अध्यक्ष संजय पाटिल द्वारा तथा वहीं तमिलनाडु का प्रतिवेदन पढ़ते हुए श्री वेल मुरूगन श्री सेल्वन श्री जयराम द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया। पूर्व गृहमंत्री गुजरात तथा महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक श्री गोवर्धन भाई झड़पिया ने भी समाज को एक सूत्र में बंधने तथा गुजरात मॉडल के आधार पर आर्थिक उन्नयन पर बल दिया। वही उड़ीसा का प्रतिवेदन प्रदेश अध्यक्ष श्री बंशीधर नायक तथा बिहार का प्रतिवेदन प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश सिंह द्वारा प्रस्तुत करते हुए सदस्यता बढ़ाने और सदस्यता के आधार पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी में स्थान प्रदान करने हेतु महासभा से अपील की। झारखंड का प्रतिवेदन पढ़ते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री कामेश्वर महतो ने झारखंड में समाज द्वारा करायेजा रहे कार्यों के बारे में बताया। राजस्थान में समस्त प्रवासी कुर्मी वंशजों को एक सूत्र में बांधकर पटेल सभा के माध्यम से सामाजिक कार्यों को संचालित कर उनके कार्यों के बारे में बताया तथा आंजना और पाटीदार समूहो को भी आपसी सामंजस्य बिठाने तथा एक छतरी के नीचे आने के लिए महासभा की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। वही राजस्थान के आंजना समाज के श्री अरदाराम ने भी कुर्मियों के इतिहास और एक साथ कार्य करने की पुरजोर वकालत की पाटीदार समाज से श्री शिवलाल पाटीदार ने भी अपने वक्तव्य में इसका समर्थन किया। दिल्ली से श्री जे गंगवार तथा आर एन राय ने भी महासभा के द्वारा किए जा रहे कार्यों के प्रशंसा की। हरियाणा से श्री मनीष पटेल तथा मनोज पटेल ने भी अपनी बात को रखा। तेलंगाना राज्य के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुब्रमण्यम तथा महामंत्री श्री नरसिंह लू ने भी राज्य में कुर्मी वंशजो के कार्यों पर प्रकाश डाला। वही उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री शैलेंद्र पटेल ने राज्य में एकराय होकर कुर्मी मुख्यमंत्री बनाने हेतु सभी का आवाहन किया तो वही महासचिव योगेंद्र सचान ने युवाओं को एक विजन और मिशन के तहत जोड़ते हुए उज्जवल भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत की। राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य पटेल जय नारायण कटियार ने भी अपने वक्तव्य में महासभा के कार्यों की प्रशंसा की। पश्चिम बंगाल से श्री राज वर्मा, कर्नाटक से श्री एम ए आनंद ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री कमलकांत चौधरी ने भी कुर्मी समाज के लोगों को एक साथ मिलकर तथा शासकीय सेवाओं में अच्छी पोस्ट पर बैठे लोगों से मेल मुलाकात कर निस्वार्थ भाव से उनके साथ खड़े रहने की बात कही। बैठक के दौरान गुजरात के आर्थिक उन्नयन पर बने मॉडल को पीपीटी के माध्यम से श्री सतीश भाई तथा श्री मधु भाई द्वारा दिखाया गया। वहीं विभिन्न राज्यों में समाज के युवाओं को मात्र एक रुपए के शुल्क पर सिविल सर्विसेज की निशुल्क कोचिंग दिलाने वाले श्री नरेश चंद्र कठोले ने विभिन्न राज्यों में सेमिनार्स और प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं का भी उद्बोधन बड़ा ही सारगर्भित रहा। बैठक के दौरान अयोध्या के विभिन्न मंदिरों में कुर्मी समाज के संत महात्माओं का भी महासभा की ओर से स्वागत किया गया। महासभा के राष्ट्रीय महासचिव श्री उमेश पटेल ने महासभा के कार्यों और बढ़ते कदमों के बारे में विस्तार से अपना उद्बोधन प्रदान दिया। उन्होंने महासभा के सदस्यता के बारे में भी सभी को अवगत कराया तथा समस्त राज्यवार प्राथमिक तथा आजीवन सदस्यों के संख्या के बारे में भी बताया। साथ ही विभिन्न सभाओं बैठकों, प्रांतीय, राष्ट्रीय अधिवेशन इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक श्री एलजी पटेल ने भी अपने अनुभवों को साझा किया तथा महासभा के प्रति अपना हृदय से योगदान देते रहने की अपील की। वहीं अपने अध्यक्षों उद्बोधन में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुर्मी श्री विजय सिंह निरंजन ने आयोजनकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और अपने उद्बोधन में बैठक के एजेंडा में दिए गए एक-एक बिंदु पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने महासभा को ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कर गांव में मोहल्ले, घर-घर तक पहुंचाने तथा प्राथमिक सदस्य बनने पर बल दिया। उन्होंने कुर्मी समाज के इतिहास के बारे में चर्चा करते हुए पूर्व और वर्तमान स्थिति के अंतर को स्पष्ट किया। इस सामाजिक आर्थिक उन्नयन रूपी अंतर में सतत रत रहने वाली महासभा के प्रयासों के बारे में भी बताया और राष्ट्रीय संरक्षक श्री एल पी पटेल जी के समाज और महासभा के लिए अभूतपूर्व योगदान की भी चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय संरक्षक के अति गूढ़ अनुभव और निर्देशों पर महासभा कार्य करती रहेगी। प्राथमिक सदस्यता को बढ़ाने के साथ-साथ उन्होंने आपसी सौहार्द समन्वय भाईचारा बढ़ाने की भी बात कही। अपने अनुभवों के आधार पर तथा महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारियो के द्वारा विषम परिस्थितियों में भी कार्य करते रहने की चर्चा करते हुए सभी को विभिन्न प्रदेशों विभिन्न जनपदों विभिन्न ब्लॉक विभिन्न ग्रामों में भी महासभा के उद्देश्यों को प्रचारित और प्रसारित करने की अपील की। उन्होंने इस बात पर विशेष रूप से बल दिया कि आगामी जातीय जनगणना में अपने नाम के आगे वाले जाति के कॉलम में जाति और उपजाति में स्पष्ट रूप से कूर्मी शब्द का उल्लेख करें। जिससे देश में कुर्मियों का संख्या बल जग जाहिर हो और उसी संख्या बल के आधार पर भविष्य में आगे आने वाली पीढ़ियो को उनका उचित प्रतिनिधित्व करने का अवसर भी मिले। इसके साथ-साथ उन्होंने लगातार बैठकों, आपसी वार्ताएं, सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति, अधिवेशन इत्यादि करते रहने का भी निर्देश प्रदान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के उद्बोधन के उपरांत आयोजनकर्ताओं का सम्मान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्वयं किया। साथ ही उक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में अपना योगदान करने वाले तथा व्यवस्थाओं को संभालने वाले सभी जनों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति स्थानीय लोककलाकारों द्वारा एक खूबसूरत सी सांस्कृतिक प्रस्तुति द्वारा किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण भवदीय स्कूल के बच्चों, लोक कलाकारों, बेहतरीन द्विदिवसीय, नाश्ता, भोजन व्यवस्था सभी लोगों के ठहरने का उचित प्रबंध तथा पावन नगरी अयोध्या में प्रभु श्री राम लाल के विशेष वीआईपी दर्शन की व्यवस्था रही। उक्त व्यवस्थाओं को संभालने में सभी बड़े मनोयोग से जुड़े दिखे। बैठक में श्री मिश्रीलाल वर्मा, श्रीमती रश्मि, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पटेल श्री कैलाश उमराव, श्रीमती गीता पटेल, डॉ रेखा वर्मा, श्रीमती नीलम निरंजन, श्रीमती गायत्री पाटीदार, श्रीमती पारुल बेन, श्रीमती अनीता, श्रीमती लीला पाटीदार, श्रीमती गीता कटियार, श्रीमती पुष्पा देवी, श्रीमती कविता, श्रीमती उषा सिंह के साथ-साथ बुंदेलखंड प्रभारी श्री अवधेश निरंजन, डॉ बी के निरंजन, श्री आनंद पटेल, श्री हरपाल सिंह गंगवार, प्रोफेसर नंदकिशोर, श्री दीपक सिंह, श्री कपिल वर्मा, श्री राजेश राय, श्री सरोज गंगवार, श्री जगदीश शरण गंगवार, श्री अरविंद नागकण्डे, श्री समीर, श्री दामोदर, श्री नरेश बर्मन, श्रीमती नीलू रावत, श्री एस एन सिंह, श्री बी के सिंह, श्रीमती मानती देवी, श्री पी आर गंगवार, श्रीमती सावित्री गंगवार, श्री राजेंद्र गंगवार, श्रीमती हेमवती गंगवार, श्रीमती पुष्पा सिंह, श्री जी धनबालन, श्रीमती मंजू वर्मा, श्रीमती पुष्पा वर्मा, डॉ जीपी चौधरी, बौद्ध अरविंद सिंह, डॉ अवधेश वर्मा, श्री अरुण पटेल, डॉ शोभा गायकवाड, डॉ अनीता प्रफुल्ल, श्री वाल्मीकि सिंह, श्री तेजेंद्र पटेल, श्री रमेश पटेल, श्री भरत पटेल, श्री केके चौधरी, श्री प्रहलाद वर्मा, श्री दिनेश सिंह, श्री दीपक वर्मा, श्री अमरीश वर्मा, श्री बाबूलाल सिंह, श्री धनंजय वर्मा, श्री प्रेम कुमार सहित अन्य सैकड़ो महासभा के विभिन्न प्रांतो के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# अ.भा.कूर्मि क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक अयोध्या में संपन्न


मुंबई। अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की 2 दिवसीय बैठक भवदीय पब्लिक स्कूल,अयोध्या में राष्ट्रीय अध्यक्ष वी. एस.निरंजन की अध्यक्षता में संपन्न हुई स जिसमें 19 राज्यों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उ. प्र. के जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने छत्रपति शिवाजी महाराज, राजर्षि शाहू जी महाराज एवं लौहपुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल, मध्य प्रदेश के मंत्री लखन सिंह पटेल, सांसद विजय बघेल (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कूर्मि क्षत्रिय महासभा), सांसद श्रीमती लता वानखेड़े (अध्यक्षा मध्य प्रदेश महिला कूर्मि क्षत्रिय महासभा), गुजरात के पूर्व मंत्री गोवर्धन भाई झड़फिया,मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री राम खेलावन पटेल (अध्यक्ष म. प्र. महासभा), बिहार की एम. एल.सी.श्रीमती अनामिका सिंह पटेल उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एल. पी. पटेल, महिला अध्यक्ष श्रीमती लता ऋषि चंद्राकर, युवा अध्यक्ष धीरज पाटीदार सहित कई गणमान्य पदाधिकारियों की एवं प्रदेश अध्यक्षों की टीम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अवधेश कुमार वर्मा (सचिव भवदीय ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन्स) ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने समाज की युवा पीढ़ी को राजनीति, समाजसेवा,व्यापार, पत्रकारिता एवं अन्य समाजोपयोगी उपक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का आग्रह किया स सभी वक्ताओं ने अगले वर्ष मार्च 2026 में शुरू हो रही जातिगत जन गणना में जाति उपजाति दोनों कालम में कूर्मि लिखवाने की सलाह दी। गुजरात महासभा के अध्यक्ष सतीश भाई पटेल, मनु भाई पटेल, दशरथ भाई पटेल ने व्यापार में रूचि रखने वाले युवको को निमंत्रण दिया कि वे गुजरात आयें, हम उन्हें व्यापार की समस्त विधाओं की निशुल्क ट्रेनिंग देंगे। महाराष्ट्र के अध्यक्ष संजय पाटील, जयेश शेलार पाटील, प्रमोद ठोम्बे पाटील, दीपक पाटील के नेतृत्व में 30 जिलाध्यक्षओ ने बैठक में हिस्सा लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि अगला राष्ट्रीय महिला सम्मेलन सागर म. प्र. में सांसद लता वानखेड़े की अगुवाई में एवं युवा सम्मेलन महाराष्ट्र में प्रमोद ठोम्बे पाटील, संजय पाटील की अगुवाई में आयोजित किया जायेगा।

# सितंबर माह में बदलेगी 4 ग्रहों की चाल, जानिए किन राशियों को होगा इसका लाभ?

ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक ग्रह निरंतर अपनी राशि में परिवर्तन करते हैं। एक विशेष अवधि और चाल के अनुसार ये ग्रह एक राशि से दूसरी राशि में जाते हैं। इन ग्रहों की हलचल से ही सभी राशियां प्रभावित होती हैं। इसी कड़ी में सितंबर माह में 4 ग्रह अपनी राशि बदलेंगे। इन ग्रहों में बुध, सूर्य मंगल, और शुक्र ग्रह शामिल हैं। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर–जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य अनीष व्यास ने बताया कि सितबर के महीने में सूर्य के साथ ही मंगल, बुध और शुक्र भी राशि बदलेंगे। मंगल का गोचर 13 सितंबर को तुला राशि में होगा। वहीं सूर्य 17 सितंबर को कन्या राशि में गोचर करेंगे। शुक्र 15 सितंबर को सिंह राशि में गोचर करेंगे। वहीं बुध भी इसी दिन कन्या राशि में संचार करेंगे। यानि इस महीने बुध और सूर्य मिलकर कन्या राशि में बुधादित्य योग का निर्माण करें। इस तरह के सितंबर माह में ग्रहों के राशि परिवर्तन करने से कुछ राशि वालों को विशेष लाभ मिल सकता है। ज्योतिषाचार्य अनीष व्यास ने बताया कि इस महीने चार बड़े ग्रह सूर्य, मंगल, बुध और शुक्र अपनी चाल बदलेंगे। 13 सितंबर को मंगल तुला राशि में प्रवेश कर नक्षत्र परिवर्तन करेंगे। 17 सितंबर को सूर्य का गोचर होगा, जिसके बाद वे पूर्वाफाल्गुनी, उत्तराफाल्गुनी और हस्त नक्षत्र से गुजरेंगे। सूर्य और बुध के गोचर से शुभ बुधादित्य योग बनेगा। शुक्र भी इस दौरान दो बार राशि परिवर्तन और दो बार नक्षत्र परिवर्तन करेंगे। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रहों की चाल का असर व्यक्ति के जीवन पर पड़ता है।



ज्योतिष के नजरिए से भी ये माह बेहद महत्वपूर्ण रहने वाला है। इस माह में 4 ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। वैदिक ज्योतिष के सिद्धांत के अनुसार मनुष्य के जीवन में जो भी घटनाएं घटित होती हैं। उनका कारण ग्रहीय दशा, गोचर, उनकी चाल है। सौरमंडल में बैठे ग्रह ही यह निर्धारित करते हैं कि आने वाला समय कैसा होगा और मनुष्य जीवन पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा।

मंगल का तुला राशि में गोचर

भविष्यवक्ता डा. अनीष व्यास ने बताया कि मंगल देव 13 सितंबर को तुला राशि में गोचर करेंगे।

शुभ – वृष, सिंह, कन्या, तुला, , वृश्चिक और मकर

अशुभ – मेष, मिथुन, कर्क, धनु, कुंभ और मीन

बुध का कन्या राशि में गोचर

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि बुध ग्रह को ग्रहों का राजकुमार कहा गया है। यह सूर्य के सबसे नजदीक रहने वाले ग्रह हैं। सितंबर के महीने में ग्रहों के राजुकमार बुध देव 15 सितंबर को कन्या राशि में गोचर करेंगे।

शुभ– वृष, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक और मकर

अशुभ– मेष, मिथुन, कर्क, धनु, कुंभ और मीन

शुक्र का सिंह राशि में गोचर

भविष्यवक्ता डा. अनीष व्यास ने बताया कि सुख, भोग–विलास के कारक ग्रह शुक्र 15 सितंबर को सिंह राशि में गोचर कर जाएंगे। शुक्र देव के राशि परिवर्तन से कुछ राशि के जातक को बहुत ही लाभ मिलेगा।

शुभ– मेष, वृष, मिथुन, कन्या, तुला, धनु और मकर

अशुभ– कर्क, सिंह, वृश्चिक, कुंभ और मीन

सूर्य का कन्या राशि में गोचर

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि सूर्य हर माह अपनी राशि बदलते हैं, जिसको सूर्य संक्रांति के नाम से जाना जाता है। ग्रहों के राजा सूर्य 17 सितंबर को कन्या राशि में गोचर करेंगे। इसके साथ ही 27 सितंबर को हस्त नक्षत्र और 10 अक्टूबर को चित्रा नक्षत्र में चले जाएंगे। 17 अक्तूबर को तुला राशि में गोचर करेंगे।

शुभ – वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला और कुंभ

अशुभ – मेष, वृश्चिक, धनु, मकर और मीन

ग्रहों के गोचर का प्रभाव

भविष्यवक्ता डा. अनीष व्यास ने बताया कि व्यापार में तेजी आएगी। बड़े मामले सामने आएंगे। बड़े बदलाव और विवाद होने की आशंका है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि के साथ शेयर बाजार फिर से बढ़ने की भी संभावना रहेगी। इससे अर्थव्यवस्था मजबूत होने के योग बनेंगे। राजनीतिक उथल–पुथल एवं प्राकृतिक आपदाओं की आशंका बढ़ेगी। धरना जुलूस प्रदर्शन आंदोलन गिरफ्तारियां होगी। दुर्घटना होने की संभावना। देश और दुनिया में राजनीतिक बदलाव होंगे। सत्ता संगठन में परिवर्तन होगा। आरोप–प्रत्यारोप का दौर चलेगा। अचानक मौसमी बदलाव भी हो सकते हैं। बारिश और बर्फबारी होने की आशंका है। सेना की ताकत बढ़ेगी। देश की कानून व्यवस्था भी मजबूत होगी। मनोरंजन फिल्म खेलकूद एवं गायन क्षेत्र से बुरी खबर मिलेगी। बड़े नेताओं का दुखद समाचार मिलने की संभावना। देश में कई जगह ज्यादा बारिश होगी। प्राकृतिक घटनाएं होगी। भूकंप आने की संभावना है। तूफान, बाढ़, भूस्खलन, पहाड़ टूटने, सड़के और पुल भी टूटने की घटनाएं हो सकती हैं। बस और रेलवे यातायात से जुड़ी बड़ी दुर्घटना होने की भी आशंका है। बीमारियों का संक्रमण बढ़ सकता है। शासन–प्रशासन और राजनैतिक दलों में तेज संघर्ष होंगे। सामुद्रिक तूफान और जहाज–यान दुर्घटनाएं भी हो सकती हैं। खदानों में दुर्घटना और भूकंपन से जन–धन हानि होने की आशंका बन रही है। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। आय में इजाफा होगा। राजनीति में बड़े स्तर पर परिवर्तन देखने को मिलेगा।

क्या करें उपाय

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि हं हनुमते नमः, ॐ नमः शिवाय, हं पवननंदनाय स्वाहा का जाप करें। प्रतिदिन सुबह और शाम हनुमान जी के समक्ष सरसों के तेल का दीपक जलाएं। लाल मसूर की दाल शाम 7:00 बजे के बाद हनुमान मंदिर में चढ़ाएं। हनुमान जी को पान का भोग और दो बूंदी के लड्डू का भोग लगाएं। ईश्वर की आराधना संपूर्ण दोषों को नष्ट एवं दूर करती है। महामृत्युंजय मंत्र और दुर्गा सप्तशती पाठ करना चाहिए। माता दुर्गा, भगवान शिव और हनुमानजी की आराधना करनी चाहिए।

## इन नियमों से करें बप्पा की विदाई, अगले साल फिर आने की देंगे खुशी

गणेश चतुर्थी के मौके पर गणपति बप्पा को घर लाया जाता है और उतनी ही धूमधाम से उनका विसर्जन यानी की विदा किया जाता है। बप्पा के विसर्जन के लिए विधि और नियमों का पालन करने का खास महत्व माना जाता है। इन विधि और नियमों का पालन करने से बप्पा के घर से जाने के बाद उनकी कृपा घर परिवार पर हमेशा बनी रहती है। साथ ही किसी तरह की नकारात्मक शक्ति हावी नहीं होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गणपति विसर्जन की संपूर्ण विधि के बारे में विस्तार से बताने जा रहे हैं।



सामग्री

सिंदूर

कुमकुम

अक्षत

पान

सुपारी

लौंग

इलायची

नारियल

इत्र

फूल

फल

जानें विसर्जन की विधि

गणपति विसर्जन के दिन आपको भगवान गणेश की पूजा उसी तरह की है, जैसे आपने अन्य दिनों में की है।

इसके बाद बप्पा को विदा करने से पहले उनका आसन जिस ओर रखा है, उसकी दीवार के दोनों ओर हल्दी और कुमकुम का टीका करें। इससे आप पर गणपति बप्पा का आशीर्वाद हमेशा बना रहेगा।

आप बप्पा को दूर्वा, नारियल, मोदक, फूल और इत्र आदि अर्पित करें।

फिर बप्पा को गोद में उठाकर ले जाएं। वहीं एक पत्ते पर गंगाजल छिड़कर लाल कपड़ा बिछाएं और उस पर भगवान गणेश को रखें।

अब जब आप गणपति बप्पा का विसर्जन करें, तो उन पर अक्षत, पान, कुमकुम, सुपारी, लौंग, इलायची, हल्दी आदि अर्पित करें।

इसके बाद भगवान गणेश की आरती करें।

इन मंत्रों का करें जाप

गणपति विसर्जन के मौके पर भगवान गणेश के 'ऊं श्री विघ्नराजाय नमः', 'ऊं यान्तु देवगणाः सर्वे पूजामादाय मामकीम्। इष्टकामसमृद्धयर्थं पुर्नअपि पुनरागमनाय 'गच्छ गच्छ सुरश्रेष्ठ, स्वस्थाने परमेश्वर। 'मम पूजा गृहीतां मेवं, पुनरागमनाय 'ऊं गच्छ गच्छ सुरश्रेष्ठ, स्वस्थाने परमेश्वर। यत्र ब्रह्मादयो देवाः' तत्र गच्छ हुताशन।' मंत्र का जाप करना चाहिए।

## भारत में डीआईआई की खरीदारी लगातार दूसरे वर्ष 5 लाख करोड़ रुपए के पार

मुंबई । घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भारतीय शेयरों में इस वर्ष अब तक 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया है, जो विदेशी निकासी के बीच बाजारों को स्थिर करने में उनके बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। प्रोविजनल एनएसई डेटा से पता चलता है कि म्यूचुअल फंड, बैंक, बीमा कंपनियां और अन्य घरेलू संस्थानों ने 2025 में अब तक शेयरों में 5.13 लाख करोड़ रुपए की शुद्ध खरीदारी की है, जबकि 2024 में रिकॉर्ड 5.25 लाख करोड़ रुपए की खरीदारी की थी। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू खरीदारी बढ़ी है, जबकि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) लगातार बिकवाली के दौर में आ गए हैं। उन्होंने इस वर्ष सेकेंडरी मार्केट से 1.6 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की निकासी की है और 2024 में लगभग 1.21 लाख करोड़ रुपए की निकासी की थी। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार, दलाल स्ट्रीट पर हालिया अस्थिरता के बावजूद, एफपीआई द्वारा की गई भारी बिकवाली के जवाब में डीआईआई द्वारा की गई काउंटर–खरीदारी 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट और 2022 की बिकवाली सहित पिछले उदाहरणों की तुलना में अधिक है। डीआईआई प्रवाह ने एफआईआई के बिकवाली दबाव, प्रमोटरों द्वारा बड़ी मात्रा में बिकवाली और निजी इक्विटी फंडों द्वारा मुनाफावसूली को कम करने में मदद की। हालांकि, मजबूत घरेलू प्रवाह के बावजूद व्यापक लाभ नहीं हुआ है। पिछले 12 महीनों में सभी बाजार पूंजीकरणों में सूचकांकों ने स्थिर से लेकर नकारात्मक प्रदर्शन किया है।

# चाहे महंगा हो पर केवल स्वदेशी सामान ही खरीदना है

प्रिय मित्रो , जय हिन्द ,

आप सब भली भांति जानते भी है और समझते भी है की अमेरिका के च्तमेपकमदज क्वदंसक ज्तनउच ने भारत के ऊपर कसदन 50 टेरीफ़ और 1 जुर्माना लगाया है द्य इतना ही नहीं भारत मे अस्थिरता फैलाने के लिए अमेरिका की डीप स्टेट प्लानिंग कर चुकी है द्य समय दिया गया है एक वर्ष द्य जो सरकार को करना होगा वो सरकार करेगी द्य हम अपनी तरफ से ईश्वर को साक्षी मान कर संकल्प ले की हम मैकडॉनल्ड्स, डोमिनोज़ पिज़्ज़ा,कैडबरी, कोलगेट,जॉनसन एंड जॉनसन,अमेज़न, ब्रिटेनिया का आज से ही पूर्ण बहिष्कार करेंगे द्य यानि किसी भी विदेशी सामान का पूर्ण बहिष्कार और भारत मे निर्मित स्वदेशी सामान को महंगा होने पर भी खरीदना।

कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी , वीर चक्र
राष्ट्रीय अध्यक्ष , राष्ट्रीय सैनिक संस्था
डॉ लताश्री वडनेरे ऋषीमाई
महाराष्ट्र राज्य अध्यक्ष राष्ट्रीय सैनिक संस्था भारत

# मनोज कोटक के निवास स्थान पर गणपति बाप्पा का आगमन



मुंबई – ईशान्य मुंबई के पूर्व सांसद मनोज कोटक के मुलुंड (प.)स्थित निवास स्थान पर गणपति बाप्पा के आगमन पर वरिष्ठ समाज सेवक डॉ. बाबूलाल सिंह, बीरेंद्र पाठक, डॉ. सचिन सिंह (अध्यक्ष –युवा ब्रिगेड असोसिएशन ), सुरेंद्र मिश्रा, मैथ्यु चेरियन, राजेंद्रन (हैदराबाद ), राकेश मिश्रा ने भगवान गणपति बाप्पा के दर्शन किये एवं प्रसाद ग्रहण किया।

# विघ्नों को जीतने की कला

पीड़ाओं ने और मुझे, मन से किया मजबूत
नहीं किसी से डरता, अब भले आए यमदूत

कानों में कहकर मुझे, कष्ट सावधान करते
उन्हें देखकर अब मेरे, हौसले कभी न ठरते

शोक मनाना छोड़ दिया, मैं हूं अब स्वच्छंद
कर्म वही केवल मैं करता, जो है प्रभु पसंद

रात का अंधियारा हो, या तपन भरी हो धूप
हर विघ्न मिटाऊंगा, वो धर ले कोई भी रूप

बड़े बड़े विघ्नों से मुझे, खेलना बहुत भाता
इन विघ्नों के कारण, जीने का मजा आता

यदि लिये बैठा हो कोई, समस्या बहुत बड़ी
मुझे सौंपते ही आयेगी, उसकी अंतिम घड़ी

यही हौसला जगाकर, पूरे निडर बन जाओ
विघ्नों को जीतने की, कला सीखते जाओ
शांति

**मुकेश कुमार मोदी**
बीकानेर, राजस्थान

# अनमोल मोती

*हर इंसान या प्रकृति दोनों ही समय के चक्र के साथ घूमते रहते हैं, जैसे दिन और रात, मौसम का समय अनुसार परिवर्तन, अच्छा समय बुरा समय, फिर बुरा समय अच्छा समय, अतः जब बुरा समय हो तो अच्छा करने की आवश्यकता तो होती ही है, बल्कि अच्छा समय हो तो हमें उस समय और भी अच्छा करने की ज़रूरत होती है, क्योंकि यह अच्छा कार्य भी हमारे बुरे समय में या अंधकार से भरे पथ में एक दीपक या रोशनी का कार्य करता है।*

ओम शांति, सुप्रभात

## मतदाता सूची भाजपा की इच्छा के अनुसार तैयार की जा रही है: हेमंत सोरेन

नई दिल्ली। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर लोगों के अधिकार छीन रही है और मतदाता सूची सत्तारूढ़ गठबंधन की इच्छा के अनुसार तैयार की जा रही है। बिहार में कांग्रेस की 'वोटर अधिकार यात्रा' के समापन पर पटना में एक रैली को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता ने राजग सरकार पर 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने सत्तारूढ़ गठबंधन को सत्ता से बेदखल करने के लिए 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) गठबंधन के घटक दलों से एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने भाजपा पर राज्य सरकारों को गिराने के लिए 'वोट चोरी' करने और विधायकों की खरीद–फरोख्त में लिप्त होने का भी आरोप लगाया। सोरेन ने कहा, ''भाजपा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों का विपक्षी नेताओं के खिलाफ इस्तेमाल कर रही है।'' उन्होंने जोर देकर कहा, ''हमारा वोट हमारे संविधान की रक्षा करता है।

# बहुजन विकास संघ का 8वां स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न







मुंबईः विद्याविहार स्थित रोटरी क्लब सभागार में बहुजन विकास संघ का 8वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष अरुण चौहान ने अध्यक्षता की, जबकि कार्यक्रम का संचालन हरिलाल राजौरिया ने किया। समारोह का मुख्य आकर्षण रहा वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ पत्रकार बिरमसिंग कीर द्वारा लिखित पुस्तक "मिशन एकता" का विमोचन किया गया।

इस मौके पर संघ के आठ वर्षों की कार्ययात्रा का विस्तृत आकलन प्रस्तुत किया गया, जिसमें पिछड़े वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए किए गए प्रयासों और समाज की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं महिला–बाल विकास संबंधी गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान संघ के विशेष योगदान देने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया और संगठन से प्रेरित नए कार्यकर्ताओं का स्वागत एवं नियुक्ति भी संपन्न हुई। मंच पर उपस्थित रहे प्रमुख अतिथि संघ के संस्थापक मा. श्री गंगादास वाल्मीकि, राष्ट्रीय प्रवक्ता नरेश भगवाने, प्रधान महासचिव नरेश बोहित, राष्ट्रीय सलाहकार अशोक बोयतकर, महाराष्ट्र महिला अध्यक्ष सौ. सोनी चौहान, मुंबई महिला अध्यक्ष सौ. शीतल मंगवाना इनकी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की भव्यता और भी बढ़ गई।

इसके अतिरिक्त सौ. मीनाक्षी चौहान, सौ. गायत्री उज्जैनवाल, अड. शोभा शेवाले, सौ. लीना कजानिया, संजय चौहान, मदन गुहेर, राजेश चिंडालिया, राम वाल्मीकि, विक्रम गौहर, विनोद कजानिया, किसन सारसर, मनोज बनाफल सहित अनेक मान्यवर, पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।




**ज्ञान सरोवर**
**(हिन्दी साप्ताहिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक पूजा प्रसाद पाण्डेय द्वारा नवभारत प्रेस लि. नवभारत भवन, प्लाट नं.13, सेक्टर–8, सानपाड़ा (पूर्व) नवी मुम्बई 400706 (एम.एस.) से मुद्रित तथा 11 गोकुलेश सोसायटी, पंडित मदन मोहन मालवीय रोड, मुलुण्ड (प.) मुम्बई 400080 (एम.एस.) से प्रकाशित।

सम्पादक
पूजा प्रसाद पाण्डेय
मो0– 9833567799

R.N.I.No.MAHHIN/2009/27377

Email: editor@gyansarovar.org
www.gyansarovar.org

समाचार पत्र में प्रकाशित समाचारों/लेखों में लेखकों तथा संवाददाताओं के अपने विचार हैं। किसी भी लेख/समाचार की जिम्मेदारी प्रकाशक/सम्पादक की नहीं होगी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय होगा।

सोच अच्छी ख़बर सच्ची